भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2964
सोमवार, 21 मार्च, 2022/30 फाल्गुन, 1943 (शक)

इलेक्ट्रॉनिक रोजगार कार्यालय

2964. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीरः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास कुशल श्रमिकों के लाभ के लिए कौशल आधारित डेटाबेस के निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक रोजगार कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कोई कार्य योजना है तो वह क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) एवं (ख): सरकार रोजगार खोजने एवं मिलान करने, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना आदि जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। ये सेवाएँ राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। यह पोर्टल रोजगार चाहने वालों को डिजिलॉकर के माध्यम से एनसीएस पर अपने कौशल प्रमाण पत्र जोड़ने की भी अनुमति प्रदान करता है। स्किल इंडिया पोर्टल के साथ जुड़कर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रशिक्षण लेने वाले उम्मीदवारों का प्रमाण पत्र भी एनसीएस पर सुलभ है। एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत उम्मीदवार अपने प्रमुख कौशल और शिक्षा आदि से संबंधित सूचना भी प्रदान कर सकते हैं जिसके आधार पर वे उपयुक्त रोजगार ढूंढ सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, बजट 2022-23 के दौरान, सरकार ने एनसीएस पोर्टल को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के असीम पोर्टल, श्रम और रोजगार मंत्रालय के ई श्रम पोर्टल तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल के साथ जोड़ने की भी घोषणा की है। यह एनसीएस पोर्टल पर उम्मीदवारों के कौशल आधारित डेटाबेस को और बढ़ाएगा।

*****